हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 27 नवंबर 2025

[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

06 पुलिस ने आरोपी के कब्जे से देशी 12 बोर का...




07 स्वतंत्र भारत में समानता, भाईचारा तथा सामाजिक...



## खबर संक्षेप में

### 8 आईएएस नोडल अधिकारी नियुक्त

**सीहोर।** प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना अंतर्गत प्रदेश के चयनित जिलों के लिए राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जिला नोडल अधिकारी, भारत सरकार द्वारा निर्धारित टेम्पलेट्स अनुसार योजना के क्रियान्वयन के लिए अपने मार्गदर्शन में आवंटित जिलों की जिला कार्य योजना तैयार कराकर विकसित पोर्टल पर अपलोड करायेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार किसान कल्याण तथा कृषि विकास संचालक अजय गुप्ता को उमरिया, वि.क.अ., सह आयुक्त सह पंजीयक, सहकारी समिति मनोज पुष्प को डिंडौरी, प्रबंध संचालक, मत्स्य महासंघ निधि निवेदिता को अलीराजपुर, प्रबंध संचालक, कृषि विपणन बोर्ड सह आयुक्त मंडी कुमार पुरूषोत्तम को शहडोल, उप सचिव, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग संतोष कुमार वर्मा को सीधी, सदस्य सचिव नीति आयोग ऋषि गर्ग को निवाड़ी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, रोजगार गांरटी परिषद अवि प्रसाद को टीकमगढ़ और उप सचिव, नर्मदा घाटी विकास राहुल धोटे को अनूपपुर का जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### 350 किलो महुआ लाहन व कच्ची मदिरा जब्त

**सीहोर।** जिला आबकारी अधिकारी दीपसिंह राठौर ने बताया कि इछावर तहसील के ग्राम बिछोली, जामली एवं फांगिया में आबकारी विभाग की टीम द्वारा दबिश दी गई और आबकारी अधिनियम के तहत 5 प्रकरण कायम किए गए।

### बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने रखी मांग

# धूमधाम से मनाया संविधान दिवस युवाओं ने निकाली वाहन रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

बुधवार को संविधान दिवस पर नगर में वाहन रैली का आयोजन हुआ। राजवाड़ा चौराहा से युवाओं के द्वारा मोटरसाइकिल रैली निकालकर जय भीम संविधान निर्माता अमर रहें के नारों के साथ नगर के वार्डो से रैली संत शिरोमणि रविदास मंदिर चौराहा और पुराने बस स्टैंड तक पहुंची। रैली में बड़ी संख्या में युवाओं ने हाथों में संविधान की प्रति तथा डॉ. भीमराव अम्बेडकर का चित्र लेकर संविधान दिवस मनाया।

कार्यक्रम स्थल पर गौरीशंकर सूर्यवंशी एवं कैलाश मालवीय ने संविधान, लोकतंत्र और बाबा साहब के योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि अगर बाबा साहब नहीं होते तो आज हम इस काबिल भी नहीं होते। संविधान ने हमें अधिकार, समानता और सम्मान के साथ आगे बढ़ने की ताकत दी है। साथ ही कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने नगर परिषद को चेतावनी देते हुए कहा कि कई वर्षों से बाबा साहब की प्रतिमा परिषद कार्यालय में रखी हुई है, लेकिन उसकी वास्तविक स्थिति किसी को ज्ञात नहीं है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि 14 अप्रैल से पहले बाबा साहब की प्रतिमा नगर में स्थापित नहीं की तो हजारों की भीड़ के साथ कानड़ चौराहे पर सड़क चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी नगर प्रशासन एवं सरकार की होगी। कार्यक्रम में बाबूलाल सूर्यवंशी, पार्षद राधेश्याम सूर्यवंशी, देवकरण सूर्यवंशी, कैलाश सूर्यवंशी, रोहित मालवीय, गोवर्धन मालवीय, प्रकाश सूर्यवंशी, लक्की मालवीय, आकाश मालवीय, अजय सूर्यवंशी, बबलू अहिरवार, प्रकाश सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में युवा एवं समाजजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कैलाश मालवीय ने किया तथा आभार अंकित सूर्यवंशी द्वारा व्यक्त किया गया।



### कानड़ में मनाया गया संविधान दिवस, बाबा साहब अंबेडकर को किया याद



**कानड़।** बुधवार को आर्य समाज मंदिर परिसर में जन अभियान परिषद ने संविधान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। अतिथियों ने बाबा साहब के जीवन, उनके संघर्ष और भारतीय संविधान निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। भाजपा जिला मंत्री कविता शर्मा ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि समानता, न्याय और स्वतंत्रता का मूल आधार है, जिसे हर नागरिक को समझना और पालन करना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक देवेंद्र शर्मा ने उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया गया। जन अभियान परिषद के सदस्यों ने संविधान की प्रमुख विशेषताओं और आम नागरिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। इस दौरान संतोष शर्मा, दारा सिंह आर्य, श्याम पाटीदार, कमल आदि समाज सेवी मौजूद थे। संविधान दिवस का यह आयोजन लोगों में जागरुकता बढ़ाने और बाबा साहब द्वारा दिए गए मार्ग पर चलने के संकल्प के साथ संपन्न हुआ।

### जन अभियान परिषद की ब्लॉक सेक्टर बैठक संपन्न

# शासन की योजनाओं का प्रसार व जनसेवा को लेकर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की ब्लॉक सेक्टर बैठक बुधवार को आर्य समाज मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में जिला समन्वयक देवेंद्र शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता नगर विकास समिति सदस्य एवं भाजपा जिला मंत्री कविता शर्मा ने की। विशेष अतिथि के रूप में पत्रकार दारा सिंह आर्य मौजूद थे। बैठक में विभिन्न सेक्टर समितियों के सदस्यों ने अपने-अपने कार्यों, गतिविधियों तथा स्थानीय समस्याओं पर विस्तृत रूप से जानकारी साझा की। इस दौरान जिला समन्वयक देवेंद्र शर्मा ने जन अभियान परिषद की अवधारणा, उद्देश्य तथा जनकल्याणकारी गतिविधियों को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि परिषद का मूल उद्देश्य शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर आमजन तक लाभ पहुँचाना है। उन्होंने समिति सदस्यों से आग्रह किया कि वे गांव-स्तर पर सक्रिय रहकर जनहितकारी योजनाओं को हर पात्र हितग्राही तक पहुंचाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कविता शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि जन अभियान परिषद आज पौधे से वटवृक्ष बन चुका है।

उन्होंने बताया कि गांवों में शासन की योजनाओं का प्रचार, समस्याओं का समाधान, हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना इन सभी कार्यों में परिषद के समिति सदस्य लगातार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। समिति सदस्यों की तत्परता और सेवा भावना के कारण ही गांवझगांव तक त्वरित लाभ पहुँच पाया है। नगर विकास समिति के अध्यक्ष संतोष शर्मा नेकहा कि जन अभियान परिषद की शासन की जनकल्याण कारी योजनाओं का तो प्रचार प्रसार कर ही रहा हे साथ ही, बारिश के दिनों में पौधे लगाने ओर बोरीबांध जैसे छोटे छोटे तालाब बनाकर जल संचय का काम भी समितियों के माध्यम से होता है। बैठक का संचालन नवा अंकुर संस्था के अध्यक्ष श्याम पाटीदार ने किया। बैठक में सेक्टर कानड़ क्षेत्र की विभिन्न समितियों के सदस्य मौजूद रहे और आगामी कार्ययोजना पर सहमति बनाई गई। बैठक में जगतपुरा समिति से राजेश चौहान, मानाखोरी समिति से जीवन केलकर, पिपलिया कुमार से कालू सिंह सोलंकी आदि मौजूद थे।



# शासकीय महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया

**नलखेड़ा।** स्थानीय सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ जीएल रावल की अध्यक्षता में संविधान दिवस मनाया गया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ जगदीश प्रसाद कुल्मी ने संविधान पर अपना व्याख्यान दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ रावल ने संविधान के निर्माण की ऐतिहासिक प्रष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर निबंध पोस्टर एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित हुई। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा एवं निर्मला चंद्रावत द्वितीय स्थान निकिता एवं मनीषा यादव तृतीय स्थान निकिता व आशा प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आशा मालवीय द्वितीय स्थान निकिता बामनिया तृतीय स्थान निकिता यादव रही है। कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ सर्वेश व्यास ने किया एवं डॉ आशीष साखंला ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ संतोष कुमार कुमावत डॉ सुखदेव बैरागी डॉ सीमा तारे डॉ बलवंत सिंह दांगी महेन्द्र सिंह गुजराती अनिल प्रजापति डॉ गोपाल कुरील सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# शेष रहे मतदाताओं से की शीघ्र गणना पत्र भरकर जमा करवाने की अपील

**नलखेड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ नगर में भी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी है। बीएलओ घर घर जाकर गणना पत्र एकत्रित करने में लगे है वही राजनैतिक दल के नेता व कार्यकर्ता भी उन्हें सहयोग कर रहे हैं।

बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा ने नगर के विभिन्न मतदान केंद्र पर पहुंचकर जहां मतदाताओं को गणना पत्र भरने में सहयोग कर पत्रक बीएलओ को जमा करवाने में सहयोग किया। उन्होंने नगर के गणना पत्र जमा करवाने में शेष रहे मतदाताओं से अंतिम तारीख का इंतजार नहीं करते हुए अपने गणना पत्र भरकर अपने बीएलओ को जमा करवाने की अपील भी की। उन्होंने बताया कि एसआईआर से त्रुटिहीन मतदातासूची बन सकेगी वही पात्र भारतीय नागरिक मतदाता बन सकेंगे एवं अपात्रों के नाम कट सकेंगे। जानकारी के अनुसार नगर में 15 मतदान केंद्रों में से 2 मतदान केंद्र पर एसआईआर का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है शेष मतदान केंद्रों पर कार्य जारी है।



### मंडल अध्यक्ष नियुक्त होते ही पार्टी कार्य में जुटे सकलेचा



**नलखेड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा अपनी नियुक्ति के दूसरे दिन ही पार्टी के कार्य मे जुट गए हैं। सोमवार को मंडल अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद मंगलवार से ही रोहित सकलेचा ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन प्रारंभ कर दिया है। कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे स्वागत के बीच सकलेचा ने विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचकर चल रहे एसआईआर कार्य में लगे पार्टी कार्यकर्ताओं से चर्चा की एवं स्वयं ने भी बीएलओ व पार्टी के बीएलए के साथ मिलकर मतदाताओं के गणना पत्र भरे व गणना पत्रों को जमा करवाया गया।

### कार्य पूर्ण होने पर बीएलओ का किया स्वागत

# 8 मतदान केंद्रों पर हुआ एसआईआर का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण का प्रथम चरण का कार्य 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक करवाया जा रहा है जोकि अब अंतिम दौर में है। प्रथम चरण में नलखेड़ा तहसील व परिसीमन क्षेत्र में 162 में से 8 मतदान केंद्र पर शत प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

बुधवार प्रातः तक एसआईआर के प्रथम चरण का कार्य नलखेड़ा तहसील के 118 एवं मोहन बड़ोदिया तहसील के 44 कुल 162 मतदान केंद्रों में से 8 मतदान केंद्र क्रमांक 171,177,179, 192, 193, 201, 285 व 298 पर शत प्रतिशत मतदाताओं के गणना पत्र प्राप्त होने के बाद संबंधित बीएलओ द्वारा डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। शेष मतदान केंद्रों पर भी एसआईआर का कार्य तेजी से जारी है। तहसील के मतदान केंद्र क्रमांक 179 सुईगांव का एसआईआर का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण होने पर वहाँ के बीएलओ महेश विठ्ठल का मतदान केंद्र पर पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया। इसी प्रकार नगर के मतदान केंद्र 192 पर भी शत प्रतिशत कार्य पूर्ण होने पर बीएलओ कैलाश विठ्ठल का स्वागत किया गया।



### एसआईआर पर भी युवाओं को ध्यान देने की जरूरतः राजीव गुजराती

# लोगों के अधिकारों के लिए लड़ना ही युवक कांग्रेस का प्रथम कर्तव्य : देवेन्द्र ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिला मुख्याल स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर युवा कांग्रेस की चुनाव पश्चात प्रथम जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 27 तारीख को भोपाल में होने वाले निर्वाचन आयोग के घेराव की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुजराती ने कहा एसआईआर पर भी युवाओं को ध्यान देने की जरूरत है। बीएलओ के साथ घर-घर जाकर युवा कांग्रेस के साथी एसआईआर की प्रक्रिया को सही से करवाए और मतदाता को आ रही परेशानी को लेकर हमसे चर्चा करे जिससे कि सही मतदाता से उसका अधिकार न छीने। एआईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी के विचारों को युवा कांग्रेस को बूथ स्तर तक ले जाने की जरूरत है आज राहुल गांधी जी लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं और हमको उनके हाथ मजबूत करना है। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेन्द्र बोरदी ने कहा कि वोट चोरी रोकने के लिए आगामी 27 तारीख को होने वाले निर्वाचन आयोग भोपाल के घेराव में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे और लोकतंत्र को बचाने कि इस लड़ाई में भागीदार बने। छात्र नेता हरिओम सिसोदिया ने आभार व्यक्त किया।



इस दौरान नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका सीहोर विवेक राठौर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील दुबे, पार्षद घनश्याम यादव, केके रिछारिया, तुलसी राठौर, चीनू ठाकुर, हर्षदीप सिंह, युवा कांग्रेस जिला महासचिव यशवंत सिंह, शहर अध्यक्ष रेहान नवाब, नरेंद्र पटेल, विक्रम दांगी, देवेन्द्र पटेल गाजना, रिजवान आष्टा, भारत सरकार, रुपेश मालवीय, शेखर जाट, दीपक बीरगोदिया, अभिषेक इंदौरिया, दिव्यांश, रवि, अनूप सिंह, नितिन, गोविंद, राहुल, विवेक, दीपक, अंकित, अर्जुन, संदीप, निखिल, अनिल, रामबाबू, विपिन, आशुतोष, अमित, सुमित, ऋतिक, राजेश, रवि, संजय, ऋतिक, कपिल, अमन, धनंजय, ऋषि, राजू, सतीश, सुरेश, अशफाक, विजय, राजेन्द्र, यशराज सहित बड़ी संख्या में युवक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों का जाना हालचाल, वितरित किए कंबल

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. सीहोर के संकल्प वृद्धाश्रम पहुंचे और वहां रह रहे बुजुर्गों से आत्मीय मुलाकात की। कलेक्टर ने प्रत्येक बुजुर्गों का हालचाल पूछा, उनके स्वास्थ्य एवं सुविधाओं की जानकारी ली और सर्दी के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने बुजुर्गों से संतुलित एवं पौष्टिक भोजन लेने, गर्म कपड़े पहनने और नियमित दवाइयों का सेवन करने का आग्रह किया। इसके साथ ही उन्होंने शरीरिक सक्रियता के लिए पैदल चलना, हल्का व्यायाम या योग करने की सलाह दी।

कलेक्टर को आपने बीच पाकर वृद्धाश्रम के बुजुर्ग भावुक हो गए । सर्दी को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने सभी बुजुर्गों को कंबल वितरित किए। उन्होंने आश्रम प्रबंधन को निर्देशित किया कि बुजुर्गों की देखभाल में किसी प्रकार की कमी न रहे और उनकी आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर जीएम डीआईसी अनुराग वर्मा, उप संचालक सामाजिक न्याय महेश यादव तथा वृद्धाश्रम के संचालक राहुल सिंह उपस्थित थे।



### दस्तावेज सत्यापन व शारीरिक दक्षता परीक्षण 5 दिसंबर को

**सीहोर।** ऊर्जा विभाग के अधीन 6 बिजली कंपनियों में विभिन्न खाली पदों की पूर्ति के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल द्वारा लाइन परिचारक (नियमित) के पदों को भरने के लिए प्रथम प्रतीक्षा सूची में प्रावधिक रूप से चयनित 35 आवेदकों की सूची जारी कर दस्तावेज सत्यापन के लिये सूचना जारी की गई है। कंपनी द्वारा लाइन परिचारक के दस्तावेज सत्यापन एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गोविन्दपुरा मुख्यालय स्थित महाप्रबंधक् त्त कार्यालय में 5 दिसंबर को किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### अभिभाषक संघ ने उठाई निष्पक्ष जांच की मांग

**देवास।** जिला अभिभाषक संघ देवास ने अपने सदस्य अधिवक्ता दिलराज गौड़ के साथ हुए कथित अभद्र व्यवहार और उन पर दर्ज की गई एफआईआर को असत्य बताते हुए पुलिस अधीक्षक आवेदन देकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। अभिभाषक संघ अध्यक्ष अशोक वर्मा द्वारा पुलिस अधीक्षक को भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि अधिवक्ता दिलराज गौड़ अपने पक्षकार के साथ हुई मारपीट की घटना की रिपोर्ट कराने भौरासा थाने पहुंचे थे। वहाँ उपस्थित पुलिसकर्मी से रिपोर्ट लिखने का निवेदन किया गया, तभी घटना के आरोपियों की सूचना मिलते ही अधिवक्ता गौड़ के साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया गया। संघ का कहना है कि अधिवक्ता गौड़ पर जो अपराध पंजीबद्ध किया गया है, वह तथ्यों के विपरीत है। घटना स्थल से उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों में भी यह स्पष्ट होता है कि वे उक्त घटना में आरोपी नहीं थे।

### मोबाइल को लेकर मां, बेटी के साथ की मारपीट

**चापड़ा।** कमलापुर थाना अंतर्गत ग्राम आगुर्ली में कार से आए एक महिला और तीन युवकों ने मोबाइल की बात को लेकर बाइक से जा रही मां और बेटी का रास्ता रोक कर मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी अनुसार कमलापुर पुलिस ने बताया कि देवास्या निवासी फरियादी चमेली बाई पति दिलीप जाती कोरकू ने शिकायत करते हुए बताया कि 15 दिन पूर्व में बड़ी चौराहे से अपने गांव देवास्य जाने के लिए खड़ी थी लेकिन गांव जाने के लिए कोई वाहन नहीं मिला। इस दौरान गांव के परिचित व्यक्ति कार लेकर पहुंचा और बोला में गांव जा रहा हूं, में भी गांव जाने के लिए उसकी कार में बैठकर गांव चली गई। इसी दौरान मेरा मोबाइल गाड़ी के अंदर छुट गया। घर जाकर देखा तो मोबाइल नहीं मिलने पर मैंने अपने फोन पर फोन लगाकर पूछा तो बताया कि फोन घर आकर ले जाना लेकिन मेरा फोन कई बार फोन लगाने के बाद भी नहीं दिया। बुधवार को गांव के परिचित व्यक्ति की बाइक से में और मेरी मां रुक्मणी बाई बड़ी चौराहा की ओर आ रहे थे तभी गांव के आकाश, विकास, सचिन और उनकी मां कस्तुरी बाई कार से आए और आगुर्ली गांव में रास्ता रोककर मोबाइल को लेकर मेरे साथ मारपीट की। मेरी मां बीच बचाव करने आई तो उसके सिर में पर भी लोहे की राड से मारपीट की।

### थाना भौरासा पुलिस ने 24 घंटे में टायर चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

# पुलिस ने आरोपी के कब्जे से देशी 12 बोर का कट्टा, एक जिंदा कारतूस किया बरामद

### सीएट कंपनी के टायर, ट्यूब मुंबई से मंडीदीप ले जाते समय हुई थी घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरासा




मंगलवार को फरियादी आनंद कुमार द्विवेदी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनका कन्टेनर क्रमांक एमएच 04 एलई 6157 जिसमें मुंबई से सीएट कंपनी के टायर एवं ट्यूब भरे हुए थे जिसे मण्डीदीप ले जाते समय भौरासा कंजर नाका से बीआर रिसोर्ट के बीच किसी अज्ञात बदमाश ने ताला काटकर सीएट कंपनी के 9 बड़े ट्रेक्टर टायर चोरी कर लिए है। रिपोर्ट पर से थाना भौंरासा पर अपराध क्रमांक 475/2025 धारा 303(2),305(सी) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी पुनीत गेहलोद द्वारा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं चोरी गया मश्रुका को बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया, जिस पर अतिरक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्दर्शन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस)सोनकच्छ दीपा माण्डवे के निर्देशन में थाना प्रभारी भौंरासा प्रीती कटारे के नेतृत्व मे विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।

गठित टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किये गये तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्यों के आधार पर संदेही कपिल पिता पर्वत कंजर उम्र 32 वर्ष निवासी कंजर नाका सुमराखेड़ी को पुलिस अभिरक्षा मे लिया गया जिसकी चेकिंग करने पर आरोपी के पास से एक देशी 12 बोर का कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ जिसके संबंध में उसके पास कोई वैध लाइसेंस नहीं था। आरोपी पर धारा 25,25(1) आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर सोमवार सुबह 05:00 बजे देवास की ओर से आ रहे कन्टेनर से बड़े ट्रेक्टर के टायर चोरी कर रोड किनारे खंती में छिपाकर रख दिये थे प्रकरण मे अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

#### पुलिस द्वारा जब्त मश्रुका

चोरी गए सीएट कंपनी के 9 बड़े ट्रेक्टर टायर (कीमत लगभग 1,60,000 रुपये)

घटना में प्रयुक्त एक नीले रंग का कटर

बजाज पल्सर मोटरसाइकिल कुल 2,50,000 रुपये का मश्रुका जप्त ।

#### कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी भौंरासा प्रीति कटारे, उनि नरेन्द्र सिंह, प्रताप सिंह गौर, सउनि राकेश सिंह, रवि वर्मा, संजय तंवर, प्रआर अभिषेक पाण्डे, वीरेन्द्र सिंह राजपूत, बृजेन्द्र मालवीय, अशोक चौहान, जितेन्द्र तोमर, अभिषेक त्रिपाठी उमेश भदौरिया, कालू सिंह, राहुल पटेल,पंकज खत्री,अरुण रावत, लोकेश दांगी, भूपेन्द्र जादौन, दीपक सिंह राजपूत, मआर सोनम, नेहा नागर, सुभाष दुबे, नारायण सिंह, कमल सिंह, राहुल पटेल, मुकेश पटेल, अनोखीलाल चौधरी, सायबर सेल से प्रआर शिवप्रताप सेंगर एवं सचिन चौहान की सराहनीय भूमिका रही।




# जिले में डिजिटलाइजेशन कार्य 80.32 प्रतिशत पूर्ण

### सोनकच्छ में 88.56 प्रतिशत कार्य पूर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। एसआईआर के तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण, फॉर्म का डिजिटलाइजेशन सहित अन्य कार्य कर रहे हैं। जिले में अबतक 80.32 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन का कार्य हो गया है।

जिले में अभी तक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सोनकच्छ में 88.56, देवास में 65.71, हाटपीपल्या में 85.26, खातेगांव में 83.67 और बागली में 81.89 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन कार्य पूर्ण हो गया है। एसआईआर कार्य के तहत जिले में मतदाताओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किये गये है। जिले की पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित जानकारी तथा कठानियों के त्वरित निराकरण के लिए डिस्ट्रीक कॉन्टेक्ट सेंटर(1950) में पाली अनुसार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर त्वरित निराकरण किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिले में एसआईआर कार्य की संपूर्ण प्रक्रिया के पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तर पर बीएलओ कार्य की मॉनिटरिंग के लिए बीएलओ सुपरवाइजर, जोनल अधिकारी नियुक्त किये गये है। साथ ही बीएलओ के सहयोग के लिए अतिरिक्त कर्मचारी लगाए गए है।विधानसभा क्षेत्रों के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी निरंतर संपूर्ण कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे है।

जिला स्तर पर तथा सभी विधानसभा स्तर पर सहायता केंद्र एवं कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। मतदाताओं को फार्म भरने में असुविधा ना हो इस के लिए बीएलओ एवं सहयोगी कर्मचारी विधानसभा स्तर पर सहायता हेतु उपलब्ध रहेंगे। राजनैतिक दल के प्रतिनिधि के रूप में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल की ओर से बूथ लेवल एजेण्ट भी नियुक्त किये जाने की कार्यवाही राजनैतिक दलों की ओर से की जा रही है।

# महाविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में राजनीति विज्ञान विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में संविधान दिवस पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. ब्रह्मदीप आलूने प्राचार्य शासकीय आदर्श महाविद्यालय विदिशा ,विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष मनीष पारीक, मोहन वर्मा, कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एसपीएस राणा ,राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर आरके मराठा , आईक्यूएसी प्रभारी कैप्टन, डॉक्टर संजय गाडगे एवं डॉ. लता धुपकरिया ने मंच साझा किया।

मुख्य वक्ता डॉ. ब्रह्मदीप अलूने ने अपने उद्बोधन में संविधान निर्माण की विकास यात्रा से अवगत कराते हुए संविधान के विभिन्न पक्षों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि किस तरह हमारे देश का संविधान अन्य देशों के संविधान की तुलना में हमें स्वतंत्रता एवं अधिकारों के साथ गरिमामयी जीवन जीने की आजादी देता है। भारत के नागरिक होने के नाते हमारा यह कर्तव्य है कि संविधान के द्वारा प्रदान इस आजादी का हम सम्मान करें। विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय जानभागीदारी समिति के अध्यक्ष मनीष पारीक ने अपने उद्बोधन में बताया कि हमारे देश का संविधान विश्व मे सर्वाधिक व्यापक संविधान है जिसने संपूर्ण राष्ट्र को अनेक विभिन्नताओं के बावजूद एकता के सूत्र में बांधा हुआ है। अध्यक्ष उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एसपीएस राना ने बताया कि संविधान समस्त कानूनो का स्त्रोत है और किस तरह एक अधिनियम कानून बनता है। भारत का नागरिक होने के नाते हमारी जिम्मेदारी है हम सभी संविधान का अध्ययन करें। स्वागत भाषण डॉ. सीमा सोनी के द्वारा दिया गया। अतिथि परिचय प्रोफेसर रजत राठौर के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के अंत में संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया। संविधान दिवस के उपलक्ष में इसी श्रंखला में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के द्वारा प्रश्न मंच एवं स्लोगन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

### राष्ट्रीय एकता पदयात्रा का देवास जिले में आगमन




**देवास।** राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में नागपुर महाराष्ट्र से प्रारंभ हुई राष्ट्रीय एकता पदयात्रा ने मंगलवार को हरदा होते हुए देवास जिले में प्रवेश किया। देवास जिले में राष्ट्रीय एकता पदयात्रा प्रवेश पर खातेगांव विधायक आशीष शर्मा के नेतृत्व में यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रीय एकता पदयात्रा का देवास जिले में आगमन पर नेमावर, खातेगांव एवं कन्नौद में जगह-जगह जनप्रतिधिनियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकगणों ने भव्य स्वागत किया।

### आज मांसाहार दुकानें रहेंगी बंद



**देवास।** गुरूवार को संत श्री जिनतरण तारण जयंती के अवसर पर निगम सीमा क्षेत्र में स्थित समस्त पशु वध ग्रह एवं चिकन, मांस मटन एवं मछली विक्रय की दुकाने, व्यावसायिक प्रतिष्ठान एवं नानवेज होटल बंद रहेंगी। इस संबंध में नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार द्वारा निगम स्वास्थ्य विभाग को समस्त व्यवसाईयों को सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं। आयुक्त के निर्देशों के पालन में निगम स्वास्थ्य निरीक्षक हरेन्द्रसिह ठाकुर के द्वारा शहर के समस्त शहर के समस्त चिकन मटन व्यापारियों को सूचना पत्र जारी किए जाकर संत श्री जिनतरण तारण जयंती के विशिष्ट अवसर पर गुरूवार को प्रतिष्ठान और होटल बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं तथा उन्हें आदेश का कड़ाई से पालन करने को कहा गया है। आयुक्त ने कहा कि निर्देशों का पालन नहीं करने वाले व्यवसाईयों पर नगर निगम द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 254 की उप धारा (1) में उल्लेखित नियमों के अनुसार कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

# मार्ग पर डामरीकरण से गड्ढों व धूल से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा



बारिश के दिनों में इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग गड्ढों में तब्दील हो चुका था, जिसको लेकर लगातार खबरें प्रकाशित कर जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया जा रहा था। साथ ही भाजपा नेता सुनील पुरोहित द्वारा भी संबंधित अधिकारियों से लगातार चर्चा कर जल्द से जल्द गड्ढे भरने की बात कही जा रही थी जिसके बाद श्रीजी कंपनी द्वारा पेचवर्क का कार्य प्रारंभ किया गया। हाईवे मार्ग पर स्थित ग्राम मोखाप्पिल्या की काली सिंध नदी के पुल पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके थे जिस कारण उड़ने वाली धूल से आमजन परेशान थे। बुधवार के दिन कंपनी द्वारा काली सिंध नदी के पुल पर साफ सफाई कर डामरीकरण किया गया जिसके बाद धूल एवं गड्ढो से स्थानीय लोगों सहित इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भी राहत मिली। श्रीजी कंपनी के प्रोजेक्टर मैनेजर विजय शर्मा ने बताया कि उक्त मार्ग पर पेचवर्क का कार्य लगातार जारी है। पूरे मार्ग पर जल्द ही पैच वर्क का कार्य जल्द पूर्ण कर दिया जाएगा। पुल पर डामरीकरण के दौरान कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ।

# सांदीपनि स्कूल में मुस्कान अभियान के तहत कार्यक्रम का हुआ आयोजन, किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागली




गुम नाबालिग बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी की जागरूकता हेतु मुस्कान विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सभी महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ डिजिटल हिंसा और ऑनलाइन दुर्व्यवहार को समाप्त करने के लिए एकजुट होकर समस्या का समाधान आसानी से किस प्रकार किया जाए इसके बारे में सभी को जागरूक किया गया तथा समझाइश दी गई।

साइबर सिक्योरिटी एवं सोशल मीडिया से किस तरह दूरी एवं बचाव किया जा सकता है उसके बारे में पूर्ण चर्चा कर बताया गया। पुलिस विभाग द्वारा संचालित पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत के निर्देश अनुसार थाना प्रभारी, और संस्था जन साहस के मार्गदर्शन में मुस्कान विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जन साहस संस्था द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान में बागली पुलिस से उपस्थित एसआई अहमद कुरेशी, सुनीता कवेज, प्रोग्राम समन्वयक राजेंद्र पिपलोदिया, सुभाष सकलेचा, दिनेश राठौर, पूजा परमार, चारु उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार से सोनिया वर्मा, डॉ. प्रीति मालवीय सहित पूरा स्टाफ भी उपस्थित रहा।

### संविधान दिवस पर वन स्टॉप सेंटर ने जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया

# कलेक्टर कार्यालय में उद्देशिका का हुआ सामूहिक वाचन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय में संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया। संविधान दिवस के अवसर पर अधिकारी-कर्मचारियों को संविधान के प्रावधानों का पालन करते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करने संबंधी संकल्प दिलाया गया। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। सभी ने संविधान में निहित आदर्शों और कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि भारतीय संविधान को 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत किया गया था। संविधान को अपनाने के दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

#### जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

वन स्टॉप सेंटर एवं हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में सेंट थॉम एकेडमी देवास में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में संवैधानिक मूल्यों, नागरिको के अधिकारों, कर्तव्यों, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा से संबंधित सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा छात्र-छात्राओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 181 महिला हेल्पलाइन तथा वन स्टॉप सेंटर में उपलब्ध प्रमुख सेवाओं— पुलिस सहायता, विधिक परामर्श, मनोवैज्ञानिक सहयोग, अस्थायी आश्रय के विषय में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में साइबर बुलिंग, फिशिंग, फेक प्रोफाइल, ऑनलाइन ठगी के संदर्भ में जागरूक किया। इस दौरान डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग, व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा तथा ऑनलाइन सतर्कता अपनाने की जानकारी दी गई।

# साइबर अपराध के प्रति किया गया जागरूक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरासा

पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत के निर्देश पर सोनकच्छ एसडीओपी दीपा मांडवे एवं भौरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे के मार्गदर्शन में मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके तहत साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भौरासा में शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के जिला समन्वयक राजेंद्र पिपलोदिया, दिनेश राठौर, पूजा मालवीय एवं प्राचार्य डॉ. राजेंद्र चौधरी उपस्थित थे।

शिविर में छात्रों को साइबर ठगी, कंप्यूटर व इंटरनेट के दुरुपयोग से जुड़े अपराधों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा।

## खबर संक्षेप

### शिकायत करने पर दी जान से मारने की धमकी



**ललितपुर।** थाना गिरार अंतर्गत ग्राम पीड़ार निवासी गनेश अहिरवार पुत्र फुलुआ ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते मंगलवार को अपराह्न 12 बजे वह अपने खेत पर काम कर रहा था, तभी गांव के कुछ लोग एकराय होकर आये और उस पर की गई कानूनी कार्यवाही वापस लेने का दबाव बनाते हुए जमीन छोड़ने की धमकी देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। शोरगुल सुनकर बचाव करने आए हरी पुत्र फुलुआ, पत्नी सुशीला व अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो उक्त लोगों ने धमकाते हुए कानूनी कार्यवाही को करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मामले में कार्यवाही की गुहार लगाई है।

### बारात में हुई मारपीट से घायल युवक की मौत

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत एक गांव में दो दिन पहले एक बारात में हुए विवाद के बाद घायल हुए मध्य प्रदेश के बाराती की ग्वालियर में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान निवाड़ी जिले के ग्राम जीरोंन निवासी 22 वर्षीय सागर पुत्र रामसिंह परिहार के रूप में हुई है। इस घटना के बाद बुधवार को कस्बा जखौरा में लोग थाने के सामने एकजुट हो गए और कार्रवाई की मांग करने लगे। जानकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश के निवाड़ी जिले के ग्राम जीरोंन से रायकवार समाज के युवक की बारात 23 नवंबर, रविवार को ललितपुर जिले के कस्बा जखौरा आई थी। रात में जब बारात गांव में घूम रही थी, तभी दूल्हे की बग्गी में लाइट न जलने को लेकर विवाद हो गया। इसी बात पर बारात में शामिल सागर परिहार का बग्गी संचालक से झगड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि सागर के साथ मारपीट की गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सागर को परिजन उपचार के लिए मध्य प्रदेश के ग्वालियर ले गए थे। मंगलवार रात ग्वालियर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सागर की मौत की खबर फैलते ही मृतक के परिजनों और कस्बा जखौरा के रायकवार समाज के लोगों में भारी आक्रोश फैल गया।

### पुत्री को जबरन खींचकर ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 22 नवम्बर की रात करीब 11.30 बजे वह खेत पर था। इसी दौरान उसकी पुत्री बाथरूम करने गयी हुयी थी। आरोप है कि गांव के प्रहलाद व मुलायम आये और उसकी पुत्री को जबरन खींचकर अपने साथ ले गये। पीड़ित ने अनहोनी घटना की ओर अंदेशा व्यक्त करते हुये पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगायी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 74 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जमीनी बंटवारे को लेकर मारपीट, प्रकरण पंजीबद्ध

**ललितपुर।** तालबेहट कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम खांदी के मजरा गनेशपुरा में रहने वाले नरेश पुत्र जगदीश ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 25 नवम्बर की सुबह करीब साढ़े आठ बजे वह घर के बाहर खड़ा हुआ था। तभी गांव के परमू पुत्र परसू, सुनीता पत्नी परमू, व सीमा पत्नी मुकेश एकराय होकर आये और जमीन बटवारे को लेकर उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट की। बचाव करने आयी उसकी चाची रानी पत्नी राजू के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

मारपीट कर धमकाने का आरोप
ललितपुर। बालाबेहट थानांतर्गत ग्राम बजरंगगढ़ निवासी चन्दू पुत्र स्व.बुद्दे सहरिया ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 24 नवम्बर को घर पर था, तभी गांव के राजाराम पुत्र स्व.रज्जू सहरिया आया और उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बाबा साहब की कलम से प्रस्फुटित आदर्श संविधान के रूप में प्रकट हुआ, कई कार्यक्रम हुए आयोजित

# स्वतंत्र भारत में समानता, भाईचारा तथा सामाजिक न्याय दिलाने के अनथके योद्धा थे भीवराव अंबेडकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर।




संविधान दिवस पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि 13 दिसम्बर 1946 को संविधान सभा के समक्ष एक सर्वसम्मत उद्देश्य प्रस्ताव प्रथम प्रधानमंत्री पं नेहरु ने प्रस्तुत करते हुए कहा था, यह प्रस्ताव संकल्प से कुछ अधिक है, यह एक घोषणा है और घोषणा से अधिक एक संकल्प है, एक दृढ़निश्चय है, एक वचन है और हम सभी के लिए एक समर्पण है। वस्तुतः यही उद्देश्य प्रस्ताव अंधेरे में प्रकाशित होने वाला ध्रुवतारा बना जो संविधान निर्माण की प्रारूप समिति के अध्यक्ष तथा स्वतंत्र भारत में समानता, भाईचारा तथा सामाजिक न्याय दिलाने के अनथके योद्धा की कलम से प्रस्फुटित आदर्श संविधान के रूप में प्रकट हुआ।

हमारे श्रृषियों और मुनियों ने वैदिक युग से ही जीवन को उद्देश्यपूर्ण बनाने के लिए कहा था सब निरोगी हो, सब स्वस्थ हो और सबका कल्याण हो। इसी सात्विक भावना को बाद्धकारी बनाने के लिए हमारा संविधान कानून का शासन और कानून के आगे सबको समानता का अवसर देता है। भारतरत्न बाबासाहब अम्बेडकर ने आगाह किया था कि संविधान कितना ही अच्छा हो, यदि उसको व्यवहार में लाने वाले उत्तरदायी सदस्य अच्छे न हो तो विधान निश्चय ही बुरा साबित होगा। वर्तमान आसन्न सभी समस्याओं का निदान प्रत्येक मनुष्य के मनुष्यत्व की अग्निपरीक्षा है कि वह सामूहिक प्रयास करते हुए संविधान द्वारा प्रदत्त संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करे। साथ ही साथ हमारे जो असंख्य साथी श्रमजीवी हैं उनकी पहले से भी डबडबायी हुई आँखों के आँसुओं को किसी भी तरह से और अधिक न बढने दे, इस प्रसंग में चारों ओर से जब सकारात्मक खबरें मिलती हैं कि रोज कुआ खोद कर पानी पीने वाले दिहाड़ी मजदूरों और कच्ची नौकरियों वालों को दिये गए रोजगार के संवैधानिक अवसरों पर आँच न आने देने हेतु जन-जन की नैतिक शक्ति के उभार और विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और मीडिया की खबरपालिका सभी मोर्चों पर सक्रिय है, का सुखद अनुभव होता है।

### राज्यमंत्री व जिलाधिकारी ने संविधान शपथ ली



**ललितपुर।** शासन के निर्देशानुसार कलैक्ट्रेट सभागार सहित समस्त कार्यालयों, स्वायत्तशासी निकायों/संगठनों, स्थानीय निकायों एवं शैक्षणिक संस्थानों में हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान की थीम पर संविधान दिवस मनाया गया। कलैक्ट्रेट सभागार में राज्यमंत्री मनोहर लाल के मुख्य आतिथ्य व डीएम सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया। राजधानी से मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया तथा राष्ट्रगान के साथ-साथ भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठन किया गया। राज्यमंत्री, जिलाधिकारी सहित उपस्थित सभी अधिकारी/कर्मचारियों ने भारतरत्न बाबासाहब डा.भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व श्रद्धा-सुमन अर्पित किये गए तथा भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया। विकास भवन सभागार में भी संगोष्ठी का आयोजन किया गया व सामूहिक शपथ दिलाई गई। राज्यमंत्री एवं जिलाधिकारी ने भारतीय संविधान की उद्देशिका को पढ़ा, जिस पर सभागार में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों ने भी उद्देशिका को दोहराया। उन्होंने कहा कि हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढाने के लिये दृढसंकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई. (मिति मार्गशीर्ष शुक्ला सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते है। राज्यमंत्री मनोहर लाल ने बताया कि आज ही के दिन हमारा संविधान अधिनियमित, अंगीकृत किया गया था, 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने औपचारिक रूप से भारत के संविधान को अपनाया था, जिसे 26 जनवरी, 1950 को लागू किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों को भी जाने और उनका पालन करें।

### नपाध्यक्ष व ईओ ने संविधान की दिलाई शपथ



**ललितपुर।** नगर पालिका कार्यालय सभाकक्ष में संविधान दिवस पर नपाध्यक्ष सोनाली जैन की अध्यक्षता व ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा की उपस्थिति में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। नपाध्यक्ष व ईओ द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व संविधान निर्माता बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। नपाध्यक्ष ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाकर अपने विचारों को रखा। इस दौरान आलोक जैन मयूर, कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन, राजस्व निरीक्षक सीमा कुशवाहा, अधिष्ठान लिपिक दीनदयाल सोनी, लेखा लिपिक अभिषेक चौबे, निर्माण लिपिक दीपेन्द्र रैकवार, नजूल लिपिक सुधीर रावत, विनोद अहिरवार, पुरुषोत्तम कुशवाहा, अमित रैकवार, सुरेश राठौर, प्रहलाद, शुभम रैकवार, फरदीन खान, धीरेन्द्र घावरी, सुरेन्द्र रिछारिया, सुधांशु मालवीय, गोहर खान, बालकिशन चन्देल, प्रवीण कुमार, संजय चन्देल, आदेश कुमार, आविद खांन, आदिल खांन, शमीम खान, अंकित तिवारी, आशीष मालवीय, कमलेश विश्वकर्मा, अरविंद राजा सहित पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### मेडिकल कॉलेज में मनाया गया संविधान दिवस




**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर में 76वां संविधान दिवस प्राचार्य डा.मयंक शुक्ला की अध्यक्षता में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। भारत में हर वर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। 26 नवम्बर 1949 में संविधान सभा द्वारा देश के संविधान को औपचारिक रूप से अपनाये जाने की याद दिलाता है, जिसे बनने में 02 वर्ष 11 माह 18 दिन का समय लगा था। संविधान हमारे देश का सर्वोच्च कानून है, जो भारत को एक संप्रभू, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोक तांत्रिक गणराज्य घोषित करता है। संविधान दिवस का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान एवं जागरूकता बढ़ाना है। उप प्रधानाचार्य डा.श्रुति सिंह ने बताया कि जिन्होंने भारतीय संविधान के महत्व और गवर्नेंस और मेडिकल एथिक्स में इसकी जरूरत पर लोगों को बताया। यह हमें न्याय, स्वतंत्रता और समानता जैसे मौलिक अधिकार देता है। संविधान हमें मौलिक कर्तव्य भी सिखाता है, जिनका पालन करना जरूरी है। प्रधानाचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला ने संविधान के महत्व को बताया कि संविधान किसी भी देश के लिए आधारभूत नियम-कानूनों का एक संग्रह होता है। यह एक ऐसी मार्गदर्शिका है, जो यह तय करती है कि देश की सरकार कैसे काम करेगी और नागरिकों के अधिकार क्या होंगे। हमारे संविधान ने भारत को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक, गणराज्य घोषित किया। संविधान की प्रस्तावना, जिसे हम उद्देशिका भी कहते हैं, हमारी राष्ट्रीय चेतना का सार है। यह घोषणा करती है कि शक्ति का अंतिम स्रोत हम, भारत के लोग हैं। यह हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की गारंटी देती है यह वो चार आधारभूत स्तंभ हैं जिन पर हमारा लोकतंत्र खड़ा है। इस दौरान डा.मधुरेन्द्र सिंह राजपूत, डा.देशनिधि सह अचार्य, डा.सौरीज्ञ साहू, डा.मनोज वर्मा, डा.के.के.मिश्रा, डा. अभीजात कुलश्रेष्ठ, डा.प्रद्युमन, डा.रजनी रतमेले, डा.रविकान्त, डा.संध्य, डा.पूजा एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

### संविधान केवल दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का मार्गदर्शक है : एसपी मो. मुश्ताक



**ललितपुर।** एसपी मो.मुश्ताक ने रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों को संविधान दिवस पर शपथ दिलायी। एसपी ने हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान थीम के तहत भारत के संविधान की प्रस्तावना का पाठन व मौलिक कर्तव्यों से अवगत कराते हुए संविधान में निहित मूल्यों और आदर्शों की शपथ दिलाकर सामूहिक पाठ कराया। उन्होंने प्रस्तावना की प्रत्येक पंक्ति में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता जैसे मूलभूत सिद्धांतों के महत्व को विस्तार से समझाया। उपस्थित पुलिसकर्मियों को मौलिक कर्तव्यों से अवगत कराया।

### अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार की सीमाओं को जानना भी आवश्यक : डॉ. हेमंत तिवारी




**ललितपुर।** पनारी स्थित जय बुंदेलखंड कॉलेज ऑफ ला पनारी में संविधान दिवस पर एक संगोष्ठी व विधिक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें भारतीय संविधान के मौलिक अधिकारों विशेष कर अभिव्यक्ति के अधिकार के समुचित प्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विधि विद्यार्थियों की विधि शिक्षा के क्षेत्र में सामान्य ज्ञान संबंधी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया, जिसमें विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। विधि छात्र देवसिंह, सचिन, सुनील झा, अनुज कुमार को उल्लेखनीय प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार अनुच्छेद 19(1)के तहत प्रदत्त है यह नागरिकों को बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रदान करता है। यह भारत के मौलिक अधिकारों में सबसे महत्वपूर्ण अधिकारों में से एक है।इस अधिकार में बोलने की स्वतंत्रता लिखने की स्वतंत्रता, छापने की स्वतंत्रता (प्रेस की स्वतंत्रता), रेडियो, टीवी, इंटरनेट, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से अभिव्यक्ति सम्मिलित है। मौन रहने का अधिकार भी इसमें सम्मिलित है। सर्वोच्च न्यायालय के रोमेश थापर बनाम मद्रास राज्य (1950) प्रेस की स्वतंत्रता को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अभिन्न अंग माना। श्रेया सिंघल बनाम भारत संघ (2015), धारा 66ए आईटी एक्ट को असंवैधानिक घोषित किया गया क्योंकि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अतिक्रमण था। कौशल्या बनाम भारत संघ (2011) मौन रहने का अधिकार भी 19(1)(ए) में शामिल। इंटरनेट की स्वतंत्रता अनुराधा भसीन केस (2020) में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इंटरनेट पर अभिव्यक्ति भी अनुच्छेद 19(1)(ए) के अंतर्गत आती है। अनुच्छेद 19(2) द्वारा यह अधिकार सीमित भी किया गया है। राज्य कुछ आधारों पर उचित प्रतिबंध लगा सकता है जैसे भारत की संप्रभुता और अखंडता राज्य की सुरक्षा, विदेशी राज्यों से मैत्रीपूर्ण संबंध, सार्वजनिक व्यवस्था, शिष्टाचार और नैतिकता, की सीमाएं जब अतिक्रमित की जा रही हो तो यह अधिकार सीमित किया जा सकता है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र का आधार है। असहमति को दबाना लोकतंत्र को कमजोर करना है।

### जीआईसी में छात्रों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक, सावधान रहने किया प्रेरित



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देश, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के संयुक्त पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने राजकीय इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से छात्रों, विद्यालय स्टाफ को हेलमेट, सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग, गलत दिशा में वाहन न चलाना, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाना, सड़क पर स्टंटबाजी न करना, डिजिलॉकर ऐप, राहवीर योजना, हिट एंड रन के मामले में सरकार द्वारा दी जा रही आर्थिक सहायता के बारे में विस्तार से बताया गया। इसी क्रम में यातायात पुलिस ने शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। विभिन्न चौराहों पर चलाये गए जागरूकता अभियान में नियमों का पालन कर रहे वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया, जबकि नियम विरुद्ध वाहन के संचालन करने वाले वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया। प्रवर्तन कार्यवाही में 115 वाहनों का चालान व 02 वाहनों को सीज किया गया।

## मां शारदा मंदिर दानपेटी से रुपए ले गया अज्ञात



**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र अंतर्गत मां शारदा मंदिर में घुसे चोरों ने अलमारी,दान पेटी तोड़कर उसमें रखे रुपयों पर हाथ साफ कर दिया। इस दौरान चोरों ने मंदिर में बनी आलमारी का ताला तोड़कर पीतल के बर्तन पूजा सामग्री भी उठा ले गये। मंदिर में चोरी की घटना की जानकारी जब आसपास के लोगों तक पहुँची तो में आक्रोश पनप गया।

मंदिर के प्रबंधक राजकुमार ताम्रकार ने जखौरा थाने में जाकर पुलिस को तहरीर दी। वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जनपद ललितपुर के कस्बा जखौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मां शारदा मंदिर में हर रोज सुबह शाम क्षेत्र के लोग पूजा पाठ करते है। वहां से लोगों की काफी आस्था जुड़ी हुई है। मंगलवार की सुबह जब मंदिर प्रबंधक, भक्तगण जब भक्तगण मंदिर पहुंचे तो वहां दानपेटी का टूटा हुआ ताला देखकर भौंचक रह गये। मंदिर प्रबंधक राजकुमार ताम्रकार के अनुसार लोगों के अनुसार चोरों ने दान पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखे रुपये चोरी कर लिये। वहीं आलमारी को भी निशाना बनाया। आलमारी में रखे पीतल के बर्तनों पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया।

### करन पाल सिंह ने डीएम को सौंपा शिकायती पत्र

## शहर में अतिक्रमण के खिलाफ समाजसेवियों की आवाज



**ललितपुर।** शहर की प्रमुख सड़कों पर पसरे अतिक्रमण को हटाये जाने की मांग को लेकर बुधवार को पाल बघेल धनगर महासभा रजि. जिलाध्यक्ष करन सिंह पाल ने एक पत्र जिलाधिकारी सत्य प्रकाश को सौंपा है।

ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र में नगर पालिका परिक्षेत्र में अधिकांश प्रमुख सड़कों पर स्थानीय दुकानदारों और व्यापारियों ने अतिक्रमण कर लिया है। जिस कारण राहगीरों, आम नागरिकों, बुजुर्गों, बच्चों व महिलाओं को आवागमन में भारी परेशानियां उठानी पड़ रहीं हैं। आये दिन दुर्घटनाएं भी हो रहीं हैं। प्रशासन द्वारा नगर पालिका के सहयोग से अभी तक कार्यवाहियां होती रहती हैं, जो कि महज औपचारिकता बनकर रह जाती है, जिससे जाम की स्थिति भी बन जाती है। बताया कि फुटपाथ पर भी अवैध तरीके से कब्जा होने के कारण राहगीर पैदल भी बीच सड़कों तक चलते हैं। बताया कि ललितपुर पर पिछले कई वर्षों से बिना किसी शासनादेश के वन-वे व्यवस्था लागू की गयी है। इस व्यवस्था से यातायात को सुचारू रूप से व्यवस्थित रूप से लागू किया जाना संभव नहीं है और यह व्यवस्था पूर्ण रूप से अस्थाई है। इसका स्थायी हल शाही रोड से दोनों ओर अतिक्रमण है, जिस पर ठोस कार्यवाही किया जाना आवश्यक है। नपा में पिछले 50 वर्षों से स्टेशन से नेहरू महाविद्यालय तक शाही रोड और शहर के अन्य प्रमुख रोड़ों पर काफी अतिक्रमण हुआ है। जबकि जिले की जनसंख्या इतने वर्षों में काफी बढ़ गयी है और ऑटोमोबाइल सेक्टर व औद्योगिक क्रान्ति से वाहनों की संख्या लाखों तक पहुंच गयी है। ऐसी स्थिति में नागरिकों व वाहनों का सड़क पर चलना दुश्वार हो गया है। मास्टर प्लान के तहत अतिक्रमण को हटाये जाने पर जोर दिया है।

## राख से भरा ट्रक पलटा, लगी आग, ड्राइवर ने ट्रक से कूदकर बचाई अपनी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जखौरा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक राख से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। मनपुरा गुलेंदा गांव के पास तालबेहट मार्ग पर हुई इस घटना के बाद ट्रक में आग लग गई। हालांकि, चालक ने कूदकर अपनी जान बचा ली और मौके से फरार हो गया। इस हादसे में कोई अन्य घायल नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार, यह ट्रक जखौरा से तालबेहट की ओर जा रहा था। मनपुरा गुलेंदा के मध्य पहुंचते ही अचानक ट्रक अनियंत्रित हो गया और सड़क पर पलट गया। पलटते ही ट्रक में आग लग गई, जिससे आसपास हड़कंप मच गया। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया और पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। जखौरा थानाध्यक्ष ने बताया कि बुधवार सुबह ट्रक पलटने से उसमें आग लग गई थी, जिसे बुझा दिया गया है। उन्होंने पुष्टि की कि इसमें कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ है।

## एसआईआर को लेकर नपाध्यक्ष ने की अपील

**ललितपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अंतर्गत 04 दिसम्बर 2025 तक एसआईआर फार्म भरने की अंतिम तिथि है, जिला प्रशासन द्वारा फार्म उपलब्ध कराये जाने एवं जमा किये जाने हेतु बीएलओ, नपा सुपरवाइजर व अन्य अधिकारियों को तैनात किया। समस्त बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर एसआईआर फार्म दिए हैं। संज्ञान में आया है कि अभी तक कई मतदाताओं द्वारा एसआईआर फार्म भरकर बीएलओ को उपलब्ध नहीं कराये गये है। अतएव नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने अपील है कि जो फार्म नहीं भरे है या संबंधित बीएलओ के पास उपलब्ध नहीं कराये हैं तो वे बीएलओ व पालिका के सुपर वाइजरों से संपर्क स्थापित कर एसआईआर फार्म जमा कराने का कष्ट करें।

## श्रद्धा भावना के साथ गुरु तेग बहादुर का बलिदान दिवस किया आयोजित





**ललितपुर।** श्रीगुरु सिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वाधान में श्रीगुरु तेग बहादुर जी का 350 व शहीदी दिवस सिविल लाइन स्थित स्व.अवतार सिंह के आवास पर व गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा में शाम को श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। सुबह श्रीअखंड पाठ साहिब की समाप्ति हुई। अपरांत मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दलजीत सिंह ज्ञानी ईश्वर सिंह व झांसी से पधारे हर कीरत सिंह के रागी जत्थे ने गुरबाणी कथा कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया।

मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दलजीत सिंह ने कहा कि साहिब श्री गुरु तेगबहादुरजी की शहादत सिर्फ इतिहास नहीं, बल्कि धार्मिक स्वतंत्रता और मानव अधिकारों की रक्षा का विश्व स्तर पर अनोखा उदाहरण है। हिंद की चादर कहलाने वाले गुरु जी का बलिदान आज भी हर भारतीय के दिल में साहस, सत्य और आस्था के प्रतीक के रूप में जीवित है। सभा अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा ने कहा कि 17वीं सदी भारत में काफी कठिन समय था। औरंगजेब के शासन में धार्मिक कट्टरता और जबरन धर्मांतरण की घटनाएं बढ़ गई थीं। कश्मीर में उसके सूबेदार इफ्तिखार खान द्वारा हिंदुओं पर अत्याचार किए जा रहे थे। डर, हिंसा और जबरदस्ती धर्म बदलवाने की कोशिशों से परेशान होकर कई कश्मीरी ब्राह्मण किसी ऐसे व्यक्ति की तलाश में थे, जो उनकी रक्षा कर सके।

### राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु की मांग, प्रशासन मौन बना चर्चा का विषय

# सहारा पीड़ित अधिवक्ता आमरण अनशन की डगर

**ललितपुर।** जिला मुख्यालय परिसर में बुधवार को एक अधिवक्ता शेरसिंह यादव द्वारा प्रशासनिक निष्क्रियता और लगातार हो रहे उत्पीडऩ से क्षुब्ध होकर आमरण अनशन प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने माननीय महामहिम राष्ट्रपति को प्रार्थना पत्र भेजकर इच्छा मृत्यु की अनुमति भी मांगी है। थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम देवगढ़ निवासी अधिवक्ता शेरसिंह यादव ने आरोप लगाया है कि सहारा इंडिया में जमा उनकी और अन्य ग्रामीणों की रकम वापस न मिलने की आड़ में उनके ही परिजनों द्वारा उनकी कृषि भूमि जबरन कब्जाने का प्रयास किया जा रहा है।

विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। गंभीर आरोप यह भी है कि इस मामले में थाना पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, बल्कि उल्टा अधिवक्ता के खिलाफ ही शांति भंग की कार्रवाई करते हुए 126/135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही दर्ज कर दी गई। पीड़ित अधिवक्ता का कहना है कि वे पिछले कई महीनों से थाना स्तर से लेकर जिलाधिकारी,




पुलिस अधीक्षक एवं तहसील दिवस तक लगातार शिकायत देते आ रहे हैं, लेकिन आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही न होने के कारण उन्हें न्याय से वंचित होना पड़ रहा है।

**इन मांगों को लेकर किया अनशन-** अधिवक्ता ने दबंगों द्वारा खेती की जमीन कब्जाने से रोकने की मांग, जान से मारने की धमकी देने वालों पर कठोर कानूनी कार्यवाही, पुलिस प्रशासन की उपेक्षा को संज्ञान में लिया जाए, न्याय न मिलने की स्थिति में इच्छा मृत्यु की स्वीकृति किये जाने की मांग उठायी है। जिला बार एसोसिएशन और अन्य अधिवक्ताओं ने मामले का संज्ञान लिया है और पीड़ित अधिवक्ता के प्रति समर्थन जताया है।

**पीड़ित अधिवक्ता का कहना है-** अधिवक्ता शेर सिंह यादव ने कहा कि जब पुलिस और प्रशासन ही दबंगों के आगे मौन है, तब एक आम व्यक्ति न्याय की उम्मीद किससे करेगा? अब या तो न्याय मिले, या मुझे जीने से मुक्ति। प्रशासनिक और न्यायिक प्रणाली के प्रति यह आक्रोश क्षेत्र में चर्चा का विषय बन चुका है। अब देखना यह होगा कि शासन-प्रशासन इस संवेदनशील प्रकरण पर क्या कदम उठाता है।

**हादसा: सरकारी फ्लैट में रहती थीं नायब तहसीलदार, पुलिस ने राजस्व परिसर किया सील**

# रात में आधा घंटे पिता से हुई थी कविता की बात, जरा भी परेशानी या दवाब में नहीं थीं

***सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में एक नायब तहसीलदार की अपने फ्लैट की तीसरी मंजिल से गिरने के कारण मौत हो गई। पुलिस जांच में जुट गई है।***

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा



**विदिशा।** घटना के बाद अस्पताल पहुंचे नायब तहसीलदार के माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल था।

राजस्व परिसर में अधिकारियों के लिए बनाए गए शासकीय भवन की बिल्डिंग की तीसरी मंजिल से गिरकर इंदौर के नंदानगर निवासी नायब तहसीलदार कविता कड़ेला की मौत हो गई। वह छह माह से विदिशा में पदस्थ थीं। पुलिस ने पूरे राजस्व परिसर को सील कर दिया।

पुलिस सुसाइड और हादसा, दोनों ही एंगल से जांच रही है। जानकारी के मुताबिक कविता कड़ेला अपने सरकारी आवास की तीसरी मंजिल स्थित अपने फ्लेट की बालकनी में थीं, तभी अचानक नीचे गिर गईं। तत्काल उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल के डॉक्टर प्रशांत जैन ने बताया कि कविता को गंभीर चोटों के साथ लाया गया था। उनकी मौत पहले ही हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर अंशुल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी अस्पताल व घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने राजस्व परिसर को सील कर निरीक्षण शुरू किया है। छत के किनारों, सीढ़ियों और आसपास के हिस्सों में मिले संभावित निशानों की बारीकी से जांच की जा रही है।

### रात को आधा घंटे की थी पिता से बात

कविता ने रात को अपने पिता से करीब आधा घंटे बात की थी। नायब तहसीलदार करीब छह कलेक्टर के साथ काम कर चुकी थीं। पिता के मुताबिक बात करने के दौरान बेटी जरा भी दवाब या परेशानी में समझ नहीं आ रही थी। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लगता है।

**पुतला दहन कर जताया आक्रोश**

# ब्राह्मण समाज संगठन ने आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कालापीपल





ब्राह्मण समाज संगठन कालापीपल ने अजाक्स के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों पर कथित अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में शनिवार को तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। संगठन के अध्यक्ष पं. दिनेश नागर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समाजजन तहसील कार्यालय पहुंचे। ज्ञापन में कहा गया कि 23 नवंबर को पदभार ग्रहण करने के बाद संतोष वर्मा द्वारा सार्वजनिक मंच से की गई टिप्पणी से ब्राह्मण समाज अत्यंत आहत है। समाजजनों ने इस टिप्पणी को घृणित मानसिकता बताते हुए संबंधित अधिकारी को तुरंत पद से हटाने और कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने के पूर्व समाजजनों ने तहसील कार्यालय के सामने मुख्य सड़क पर संतोष वर्मा पुतला दहन कर विरोध किया। उपस्थित समाजजनों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते राज्य सरकार द्वारा उचित कदम नहीं उठाए गए तो ब्राह्मण समाज उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। संगठन ने कहा कि समाज की बेटियों के सम्मान से जुड़े मुद्दे पर कोई समझौता स्वीकार नहीं है। इस दौरान संरक्षक डॉ. सुभाष शर्मा, कृष्णकांत शर्मा, सुखदेव शर्मा, अशोक पंचोली, उमेश शर्मा, दिनेश शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा, रामस्वरूप शर्मा, राधेश्याम शर्मा, विनय वैजापुरकर, आशीष जोशी, हेमंत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**पुनरीक्षण कार्य की प्रगति में खिलचीपुर विधानसभा अव्वल**

# एसआईआर: अंतिम तिथि में 8 दिन शेष, 79 फीसदी कार्य पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶|राजगढ़



जिले में मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) तीव्र गति से चल है। जिले की सभी पांचों विधानसभाओं में एसआईआर प्रगति की बात करें तो अब तक लगभग 79 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है। दूसरे शब्दों में सभी बीएलओ द्वारा मतदाताओं से प्राप्त गणना पत्रकों का 79 प्रतिशत डिजिटाईजेशन पूरा किया जा चुका है। आपको बतादें कि जिले में कुल 11 लाख 78 हजार 113 मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन होना है, जिनमें से 25 नवंबर की शाम 6 बजे तक 9 लाख 25 हजार के लगभग मतदाताओं के फार्म डिजिटाईज्ड किए जा चुके थे। अगर विधानसभावार देखें तो अभी तक हुए एसआईआर कार्य में खिलचीपुर विधानसभा अव्वल स्थान पर है।

### 4 दिसंबर तक पूर्ण करना है एसआईआर कार्य

राज्य निवार्चन आयोग ने एसआईआर कार्य पूर्ण करने की अंतिम तिथि आगामी 04 दिसंबर निर्धारित की है। ऐसे में आगामी 08 दिनों में शेष रहे मतदाताओं के गणना-पत्रकों की डिजिटाईजेशन किया जाएगा। जिले के उच्चाधिकारी भी प्रतिदिन हर 2 घंटे में बूथवाईज एसआईआर कार्य की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। सभी बीएलओ, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी, निकायों व पंचायत का अधीनस्थ अमला दिन के साथ-साथ रात में भी इस काम को पूर्ण करने में जुटा हुआ है।

**द्वितीय अपर सत्र न्यायालय ने सुनाया फैसला**

# प्राणघातक हमले के 2 आरोपियों को 10-10 साल का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶|राजगढ़



करीब 5 वर्ष पहले साल 2021 में एक युवक के सीने पर चाकू से वार करते हुए प्राणघातक हमला करने वाले 2 आरोपियों को न्यायालय ने 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। खिलचीपुर में हुई इस घटना का प्रकरण राजगढ़ द्वितीय अपर सत्र न्यायालय में चल रहा था जहां अभियोजन पक्ष के गवाहों एवं सबूतों के आधार पर उक्त सजा सुनाई गई है।

### क्या था पूरा मामला

लोक अभियोजक पीएन मालाकार ने बताया कि लखन नाम के युवक ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसके गांव के ललित पर हरिसिंह पिता कंवरलाल निवासी बघेली ने आरोप लगाया था कि उसकी(हरिसिंह) की पत्नी को ललित अपनी बाईक पर बैठाकर ले गया था। इस पर हुए विवाद के चलते 2 सितंबर 2021 को दोनों पक्ष के लोग सुलह, बातचीत के लिए खिलचीपुर के नाहरदा मंदिर में इकट्ठा हुआ थे।

इस दौरान हरिसिंह ने चाकू निकाला और ललित को जान से मारने की नीयत से उसके सीने पर वार कर दिया। हरिसिंह के साले विष्णु ने भी ललित को पकड़ लिया। चाकू के हमले में लहुलुहान हुए ललित को बाद में अस्पताल भेजा गया एवं थाने में इस संबंध में एफआईआर दर्ज करवाई गई। पुलिस ने उस समय हरिसिंह व विष्णु पर धारा 307, के तहत अपराध दर्ज कर चालान कोर्ट में प्रस्तुत किया। इसी मामले में तमाम सबूतों एवं गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी हरिसिंह पिता कंवरलाल सौंधिया निवासी बघेली एवं विष्णु पिता प्रेमसिंह सौंधिया निवासी उदपुरिया को दोषी पाते हुए 10-10 साल की सजा सुनाई है। दोनों पर अर्थदंड भी अधिरोपित किया गया है।

**10 लाख से होना है मोरसरा पुलिया का निर्माण**

# सुंदरपुरा मोरसरा की पुलिया पर एक बार फिर अनियमितता की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶|लखनवास



ब्यावरा जनपद की ग्राम पंचायत सुंदरपुरा में सात महीने पहले राशि निकाल ली गई। जमीनी स्तर पर कोई निर्माण कार्य नहीं किया गया। जब हरिभूमि ने इस मामले को आठ नवंबर को समाचार पत्र में प्राथमिकता से उठाया तब जाकर प्रशासन के दबाव में ग्राम पंचायत सुंदरपुरा के सरपंच व सचिव ने पुलिया निर्माण कार्य शुरू किया। सुंदरपुरा की मोरसरा पुलिया निर्माण के नाम से बिना काम किए 9 लाख 66 हजार रुपए सरपंच व सचिव ने जनपद के अधिकारी की सांठगांठ से निकाल लिए गया था। जिसका 16 नवम्बर को काम चालू किया अब उसी काम में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा 2 फिट निम खोद कर बिना बेस बनाए सीमेंट पाइप जमीन पर ही रख दिया। डस्ट वाली गिट्टी जिसमें आदि धूल और मिट्टी मिली है उसी गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। दोनों साइट दीवार उठाई जा रही है। उसमें सीमेंट भी नाम मात्र की मिला रहे हैं। समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया तो ये पुलिया ज्यादा दिन टिकने वाली नहीं है। पहली बारिश में उखड जाएगी क्योंकि इस पुलिया पर काफी दूर तक का पानी आता है कॉलोनी से इसी रस्ते को पार करके बच्चे स्कूल जाते ये पुलिया ग्रामीणों के लिए बारिश के समय में खतरा बन सकती है।

### इनका कहना है...

अभी मैं हड़ताल में था। कल जाकर देखूंगा।
**अरुण कुमार,** जनपद पंचायत इंजीनियर ब्यावरा

# साथिया वेलफेयर सोसायटी ने जागरुकता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶|शुजालपुर



साथिया वेलफेयर सोसाइटी द्वारा 25 नवंबर से 10 दिसंबर 2025 तक जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए 16 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत बुधवार को महिलाओं पर हो रहे हिंसा की रोकथाम के लिए शुजालपुर जनपद पंचायत के ग्राम जेठडा के माध्यमिक विद्यालय में अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत के सरपंच मनोज वर्मा पंचायत सचिव श्यामसुंदर शर्मा एलएलबी की छात्रा जागृति बारोड संतोष पाटीदार उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर संविधान दिवस के महत्व पर चर्चा की एवं उपस्थित प्रतिभागियों को संविधान के तहत दिए गए नागरिक अधिकारों के विषय में जानकारी दी। तत्पश्चात पंचायत सचिव श्यामसुंदर शर्मा द्वारा संविधान में हमारे मौलिक अधिकार क्या-क्या है संविधान के अंतर्गत कितने विभाग आते हैं इन सबकी जानकारी दी गई। साथ ही साथ एलएलबी की छात्रा जागृति बारोड द्वारा बच्चों के अधिकार महिलाओं के अधिकार एवं गुड टच बेड टच पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अगर हमारे साथ कहीं पर भी फील्ड स्कूल ऑफिस या राह चलते कहीं पर घटनाएं होती है तो हमें छुपाना नहीं चाहिए और तुरंत अपने माता-पिता को बताकर उसके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करना चाहिए साथ ही संतोष पाटीदार सर द्वारा जेंडर असमानता क्या है इस पर भी चर्चा की गई जिसमें प्रतिभागियों को लैंगिक भेदभाव और उसका समाज पर प्रभाव के विषय पर विस्तार से जानकारी दी साथिया संस्था के जिला समन्वय मांगीलाल यादव ने प्राकृतिक लिंग और सामाजिक लिंग में अंतर को समझाया और चर्चा के माध्यम से प्रतिभागियों ने जाना कि कैसे कई बार जानकर या बिना सोचे समझे हम महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को बढ़ावा देते हैं। लैंगिक हिंसा को कम करने में पुरुष और महिलाओं को की क्या भूमिका हो सकती है और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में हुआ क्या रोल निभा सकते हैं उस पर सहभागी चर्चा हुई इस चर्चा से यह निष्कर्ष निकला की सबसे पहले स्वयं में बदलाव करेंगे फिर समाज और समुदाय में बदलाव लाने का प्रयास करेंगे ग्राम पंचायत सचिव द्वारा अंत में सभी को शपथ दिलाई गई।

# भगवान गिर्राजधरण और सिद्धेश्वर बालाजी को अर्पित किए 56 भोग

## पारायण समिति एवं जेल चौराहा मंदिर में हुए आयोजन



**राजगढ़।** श्रीराम विवाह पंचमी के पावन अवसर पर नगर में विभिन्न स्थानों पर धार्मिक आयोजन संपन्न करवाए गए। स्थानीय गीता मानस प्रचार समिति परिसर में भगवान गिर्राज धरण एवं जेल चौराहा स्थित सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में भगवान को 56 भोग की प्रसादी अर्पित करते हुए क्षेत्र में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना ईश्वर से की गई। जेल चौराहा स्थित सिद्धेश्वर बालाजी मंदिर के शिखर पर ध्वज अर्पण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रृद्धालुओं ने भगवान की पूजा-अर्चना करते हुए आर्शिवाद प्राप्त किया। इसी तरह पारायण समिति स्थित भगवान गिर्राजजी को छप्पन भोग अर्पित करने के पूर्व महिला मंडली द्वारा भजन कीर्तन सहित अन्य धार्मिक आयोजन किए गए। उल्लेखनीय है कि दोनों मंदिर समिति से जुड़े श्रृद्धालुओं, समिति पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा काफी दिनों से उक्त आयोजनों को लेकर तैयारियां की जा रही थीं। इन दोनों मंदिरों के साथ ही नगर के अन्य मंदिरों में भी श्रृद्धालुओं द्वारा अलग-अलग अनुष्ठान संपन्न करवाए गए।

### अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार बाबा मौर्य भी हुए सम्मिलित

गीता मानस प्रचार समिति में भगवान गिर्राज धरण की पूजा-अर्चना एवं छप्पन भोग अर्पण अवसर पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार बाबा सत्यनारायण मौर्य पहुंचे। उन्होंने स्थानीय श्रृद्धालुओं से वार्तालाप करते हुए नगर में चल रहे धार्मिक आयोजनों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

# आदर्श विद्यालय में वार्षिक उत्सव, छात्रों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोहा

## विधायक बोले विपरीत परिस्थितियों से निकलकर शिक्षा में बनाया अलग स्थान



**कुरावर।** आदर्श विद्यालय में मंगलवार दोपहर आयोजित वार्षिक उत्सव में छात्र-छात्राओं की आकर्षक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में आए सैकड़ों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि आदर्श विद्यालय ने सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद शिक्षा, खेल और सामाजिक मूल्यों के क्षेत्र में उल्लेखनीय स्थान बनाया है। विशेष अतिथि पूर्व कलेक्टर एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शिवनारायण चौहान ने छात्रों को समाज में फैल रही कुरीतियों से सतर्क रहने और सकारात्मक दिशा में आगे बढने की प्रेरणा दी। कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, राम-कहानी, कठपुतली नृत्य, राजस्थानी व शास्त्रीय नृत्य, महाकाली और वोट के लिए धन्यवाद जैसी प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में रवि शर्मा और लखमीचंद्र चौधरी ने उद्बोधन दिया। स्वागत भाषण शाह (पीटी) ने पेश किया, जबकि वार्षिक प्रतिवेदन प्राचार्य अनिता शाह ने प्रस्तुत किया। संचालन अमित शर्मा ने किया। आयोजन में भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, महामंत्री लखन राजपूत, लक्ष्मण सिंह राणा, ओम शर्मा, गोलू शर्मा, पार्षद अनिल दरबार, राजकुमार चौकसे, मोहन वर्मा, राकेश शर्मा, विद्यालय स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं एवं अभिभावक शामिल रहे। आभार आदर्श शाह ने किया।

**गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व पर आयोजन**

# गुरुजी के बलिदान को किया याद, गुरुबाणी का गायन





**ब्यावरा।** सिख धर्म के नवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर महाराज के 350वें शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में गुरु सिंह सभा, राजगढ़ रोड (ब्यावरा) द्वारा धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगत ने श्रद्धा और भावनाओं के साथ गुरु जी के अपार त्याग, बलिदान और मानवता के लिए किए गए उनके अविस्मरणीय योगदान को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत कीर्तन और गुरबाणी गायन से हुई, जिसमें रागी जत्थों ने गुरु जी की बाणी का मधुर रस संगत को श्रवण करवाया। पूरा परिसर "वाहेगुरु" के स्मरण और शांति के संदेशों से गूंज उठा। इसके पश्चात गुरु का अटूट लंगर वर्ताया गया, जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया।

संगत ने गुरु परंपरा के अनुरूप सेवा, समानता और प्रेम का संदेश आत्मसात किया। इस अवसर पर ज्ञानी साहिबान ने गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु जी को "हिंद की चादर" की उपाधि इसलिए दी गई क्योंकि उन्होंने धर्म की रक्षा, मानवाधिकारों की सुरक्षा और अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठाने हेतु अपने प्राणों की आहुति दे दी। कश्मीर के हिंदुओं और संतों की रक्षा के लिए दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान विश्व मानवता के इतिहास में अद्वितीय है। संगत ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे गुरु जी द्वारा दिखाए गए साहस, सत्य, त्याग, सेवा और मानवता के मार्ग पर चलते रहेंगे और समाज में शांति, भाईचारे और सहअस्तित्व की भावना को आगे बढाएंगे। कार्यक्रम के अंत में समूची संगत ने गुरु साहिब के चरणों में अरदास कर देश और समाज की खुशहाली, शांति एवं सर्वजन मंगल की कामना की।